फर्द अहकाम

न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जयपुर

श्रीमती गीता पटेल बनाम एस. डी. ओ. फागी व अन्य

केस संख्या : 279/2022 (मुन्तकिल प्रार्थना पत्र)

दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा का विस्तृत रूप	विशेष विवरण
03.01.2023	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी व विपक्षी संख्या 2 के अधिवक्ता उपस्थित है। प्रार्थी अधिवक्ता ने अवगत कराया है कि उपखण्ड अधिकारी फागी के पीठासीन अधिकारी श्री रमेश चन्द माहेश्वरी आर.ए.एस. दिनांक 30.12.2022 को सेवा निवृत्त हो गये है। उभय पक्ष के अधिवक्ता को गौर से सुना गया। पत्रावली का भलीभांति अवलोकन किया गया । प्रार्थी ने उपखण्ड अधिकारी फागी के समक्ष विचाराधीन प्रकरण संख्या 85/2022 व 66/2022 ब उनवानी श्रीमती गीता पटेल बनाम मुकेश व अन्य में पीठासीन अधिकारी श्री रमेश चन्द माहेश्वरी से न्याय मिलने में शंका जाहिर कर उक्त प्रकरण को अन्यत्र सक्षम न्यायालय में स्थानान्तरण किये जाने का अनुरोध किया है। उपखण्ड अधिकारी फागी के तत्कालीन पीठासीन अधिकारी श्री रमेश चन्द माहेश्वरी दिनांक 30.12.2022 को सेवा निवृत्त हो जाने से उनके विरुद्व प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत यह मुन्तकिल प्रार्थना पत्र स्वतः ही प्रभाव शुन्य (Infructuous) हो गया है। फलस्वरूप प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत मुन्तकिल प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। पत्रावली नम्बर से कम हो। (प्रकाश राजपुरोहित) जिला कलक्टर जयपुर	